# BSTC

## भर्ती परीक्षा, 2016 (हल प्रश्न पत्र)

**आयोजन**

8 मई, 2016

### मानसिक योग्यता (Mental Ability)

**भाग-अ**

1. अनुक्रम 7, 23, ..., 119,167,287 में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 42 (2) 47
(3) 55 (4) 57 (2)

हल: 7, 23, (47) 119, 167, 287
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
$3^2-2, 5^2-2, 7^2-2, 11^2-2, 13^2-2, 17^2-2$

2. अनुक्रम 101, 94, 80, 59,..., में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 21 (2) 38
(3) 43 (4) 31 (4)

हल: 101 94 80 59 31
−7×1, −7×2, −7×3, −7×4

3. अनुक्रम 3, 12, 48, 192, ..., में अनुपस्थित संख्या है-
(1) 454 (2) 576
(3) 384 (4) 768 (4)

हल: 3 12 48 192 [768]
×4, ×4, ×4, ×4

4. अनुक्रम 5, 14, 26, 54, ..., में अनुपस्थित संख्या हे-
(1) 101 (2) 110
(3) 97 (4) 80 (2)

हल: 5 12 26 54 [110]
+7×1, +7×2, +7×4, +7×8

5. अनुक्रम 4, 12, 44, 176, 684, ..., में त्रुटिपूर्ण पद है-
(1) 4 (2) 12
(3) 44 (4) 176 (4)

हल: 4 12 44 [172] 684
$+2^3$, $+2^5$, $+2^7$, $+2^9$

6. (i) राधा, सुनिता से छोटी है परन्तु रीता से बडी है।
(ii) रीता, गीता से बड़ी है।
(iii) शैम, रीता से बड़ी है परन्तु राधा से छोटी है।
इन सबमें सबसे छोटी कौन है?
(1) गीता (2) रीता (3) शैम (4) सुनिता (1)

हल: सुंनिता > राधा > रीता
रीता > गीता
राधा > शैम > रीता
*अत: सुनिता > राधा > रीता > शैम > गीता*
*सबसे छोटी गीता है।*

7. निम्नलिखित में से सबसे बड़ी संख्या कौनसी है?
(1) 51/100 (2) 13/24
(3) 21/40 (4) 36/70 (2)

हल: $\frac{51}{100}=0.51,$ $\frac{13}{24}=0.5417,$
$\frac{21}{40}=0.525,$ $\frac{36}{70}=0.5143,$
*अत: सबसे बड़ी संख्या* $\frac{13}{24}$ *है।*


8. 60 व्यक्तियों के एक क्लब में 36 पुरुष है। क्लब में कितने प्रतिशत महिलाएँ है?
(1) 48% (2) 20% (3) 12% (4) 40% (4)


हल: महिलाओं का प्रतिशत $=\frac{60-36}{60}\times100=40\%$

9. एक निश्चित कूट भाषा में, वर्णमाला के सभी विषम स्थान वाले वर्णाक्षरों के लिए संख्या 2 निर्धारित है तथा शेष अक्षरों के लिए संख्या 1 निर्धारित है तो इस भाषा में INDIAN शब्द का कूट है?
(1) 212121 (2) 222111
(3) 221121 (4) 211221 (4)

हल:
2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1 2 1
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
INDIAN = 211221

10. एक निश्चित कूट भाषा में यदि शब्द 'REJECTION' को 'SGMIHZPWW' से कूट किया जाता है तो इस भाषा में, 'MECHANIC' शब्द का कूट होगा?
(1) NGFLFTPK (2) NGPLFTPK
(3) NGFKFTPK (4) NGPTPKIL (1)

हल: 


अत: 


निर्देश : (11-15) : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक शब्द युग्म दिया गया है तथा इसके पश्चात विकल्प स्वरूप 4-शब्द युग्म दिये गये है। आपको उस युग्म का चुनाव करना है जो उसी के समान शब्द संबंध को बताता है जो शब्द युग्म में दिये गये हैं।

11. अंधेरा : उजाला
(1) गरम : ठंडा (2) पतला : लंबा
(3) कीटाणु : बीमारी (4) पेड़ : जंगल (1)

हल: *अँधेरे का विलोम 'उजाला' है उसी प्रकार गरम का विलोम 'ठण्डा' है।*

12. लेखक : पुस्तक
(1) कुर्सी : बढ़ई (2) भवन : बढ़ई
(3) कविता : कवि (4) संगीतकार : संगीत (4)

हल: *जिस प्रकार लेखक का कार्य पुस्तक लिखना है उसी प्रकार संगीतकार का कार्य संगीत रचना है।*

13. दौड़ : थकान
(1) टहलना : दौड़ना (2) उपवास : भूख
(3) दौड़ने का मार्ग : व्यायामी (एथलीट)
(4) हवा : नींद (2)

हल: *दौड़ने से थकान होती है तो उपवास रखने पर भूख लगती है।*

14. शल्य चिकित्सक : चिमटी
(1) चिकित्सक : नुस्खा (2) शरणार्थी : आश्रय स्थल
(3) लुहार : हथौड़ा (4) काकेशसी : सेक्सन (3)

हल: *जिस प्रकार शल्य चिकित्सा का औजार 'चिमटी' होती है उसी प्रकार लुहार का औजार 'हथौड़ा' होता है।*

15. न्यायमूर्ती : निर्णय देना
(1) शोधार्थी : संशोधन करना
(2) मध्यस्थ : मेल करना
(3) पुनर्वादी : प्रार्थना करना
(4) अधिवक्ता : निर्णायक समिति (4

हल: *न्यायमूर्ति निर्णय देता है उसी प्रकार मध्यस्थ का काम 'मे... कराना' है।*

16. आव्यूह में प्रश्न वाचक (?) चिन्ह के स्थान पर आ... वाली सही संख्या है-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 6 | 14 |
| 2 | 10 | ? |
| 3 | 15 | 36 |

(1) 32 (2) 28
(3) 26 (4) 24 (4

हल: *पहली लाइन $(1+6)\times2 = 14$*
*तीसरी लाइन $(3+15)\times2 = 36$*
*अत: दूसरी लाइन $(2+10)\times2 = 24$*

17. राहुल तथा सोहन क्रमश: 5 व 9 वर्ष के हैं। कितने व... में उनकी आयु का योग 24 होगा?
(1) 9 (2) 7
(3) 5 (4) 3 (3

हल: *वर्तमान में दोनों की आयु का योग $= 5 + 9 = 14$*
*अंतर $= 24-14 = 10$*
*अत: $10\div2 = 5$ वर्ष बाद दोनों की आयु का योग 24 हो...*

18. अक्षरों का वह समुच्चय जो अन्यों से अलग है-
(1) CEHL (2) KMPT
(3) NPSV (4) OQTX (3

हल: C →+2→ E →+3→ H →+4→ L, K →+2→ M →+3→ P →+4→ T

O →+2→ Q →+3→ T →+4→ X

जबकि N →+2→ P →+3→ S →+3→ V

19. वह समुच्चय जो अन्यों से अलग है-

(1) LNJPR (2) SUWYA

(3) KMOQS (4) ACEGI (1)

हल: K M O Q S (+2, +2, +2, +2); S U W Y A (+2, +2, +2, +2)

A C E G I (+2, +2, +2, +2), जबकि L N J P R (+2, −4, +6, +2)


20. तार्किक रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति किससे होगी?

EGIK : FILO : FHJL : ......

(1) JGMP (2) GJPM

(3) GMJP (4) GJMP (4)

हल:





निर्देश : (21-24) : 6 लोगों (U, V, W, X, Y, Z) के परिवार में दो शादीशुदा जोड़े हैं-

(i) W, V की पत्नि है तथा Z की माँ है।

(ii) X, U की दादी है तथा V की माँ है।

(iii) Z, Y की पोती है।

(iv) V, X का एकमात्र पुत्र है।




21. W, U की है-

(1) माँ (2) दादी

(3) पुत्री (4) उपर्युक्त कोई नहीं (1)

हल: अतः W, U की माँ है।

22. परिवार में कुल कितने पुरुष सदस्य हैं?

(1) 2 (2) 3

(3) 4

(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता (4)

हल: परिवार में V एवं Y पुरुष सदस्य हैं, परन्तु U के बारे में स्पष्ट नहीं है कि वह लड़का है या लड़की। अतः कुल पुरुष सदस्यों की संख्या स्पष्ट नहीं है।

23. निम्न में से कौन सही है-

(1) W, Z की बहिन है।

(2) Z, U की बहिन है।

(3) V की दो पुत्रियाँ हैं।

(4) उपर्युक्त कोई नहीं। (2)

24. निम्न में से कौनसा एक शादीशुदा जोड़ा है?

(1) W तथा X (2) Y तथा V

(3) X तथा Y (4) उपर्युक्त कोई नहीं (3)


हल: *X दादी है एवं Y दादा हैं। अतः ये दोनों विवाहित दम्पति हैं।*

25. E, B की पुत्री है, A तथा B भाई हैं, C, A की बहिन है, D, E का भाई है, तो D का चाचा कौन है?

(1) B (2) D

(3) A (4) E (3)

हल:




*चित्रानुसार D, B का पुत्र है तथा A, B का भाई। अतः A, D का चाचा हुआ।*

26. यदि + का अर्थ ÷, − का अर्थ ×, × का अर्थ − तथा ÷ का अर्थ + है तो 15 − 5 ÷ 5 × 20 + 10 = ?

(1) 6 (2) 78

(3) 50 (4) 10.1 (2)

हल: *15−5÷5 × 20 + 10 = ? में प्रश्नानुसार चिह्न बदलने पर*

*15×5+5−20÷10 =*

*75 + 5 − 2 =*

*75 + 3 = 78*

27. यदि A, + के लिए, B, − के लिए तथा C, × के लिए है तो (10C4) A (4C4) B6 का क्या मान होगा?

(1) 60 (2) 56

(3) 50 (4) 46 (3)

हल: *(10C4)A (4C4)B6 में A, B, C के मान रखने पर*

*(10×4)+(4×4)−6 = 40 + 16 − 6 = 50*

28. एक विशेष कूट भाषा में कुछ शब्दों के कूट अव्यवस्थित रूप से नीचे दिये गये हैं-

| | | |
|---|---|---|
| FOR | : | fct |
| COMMON | : | rfabfa |
| CAN | : | bru |
| MORE | : | acfs |
| NOR | : | rfc |

तथा L के लिए p है तो NORMAL के लिए कूट है-
(1) apcfru (2) apcrsu
(3) apfstu (4) apcftu (1)

**हल:** FOR = fct तथा CO[MM]ON = rf[a] bf[a]
$\Rightarrow$ O = f, M = a
FOR= fct तथा NOR = rfc $\Rightarrow$ R = C क्योंकि
O = f $\Rightarrow$ F = t एवं N = r .
(M)O[R]E= @[c]f s तथा
[C]O[M][M]ON= r f[a][b] f[a] $\because$ O = f एवं M = a
$\Rightarrow$ E = S, N = r तो C = b
CAN = bru $\because$ C = b, N = r $\Rightarrow$ A = u
अत: NORMAL = rfcaup या apcfru

29. जैसे पैर : अँगूठा है, वैसे ही
(1) अंगुली : नाखून (2) घर : दरवाजा
(3) हाथ : दस्ताना (4) भूमि : खाड़ी (1)

**हल:** *जैसे पैर में अँगूठा अवश्य होता है उसी प्रकार अँगुली में नाखून होता है।*

30. जैसे कपड़ा : कारखाना है, वैसे ही
(1) मुर्गा : अण्डा (2) ईंट : भट्टा
(3) खाद्य : कृषि (4) खान : कोयला (2)

**हल:** *जिस प्रकार कपड़ा कारखानें में बनता है उसी प्रकार ईंट भट्टे में बनती है।*

31. जैसे कान : ध्वनि है, वैसे ही
(1) सुनना : देखना (2) गंध : सुनना
(3) हाथ : कलाई (4) आँख : प्रकाश (4)

**हल:** *जैसे कान से ध्वनि सुनाई देती है उसी प्रकार आँख से प्रकाश दिखाई देता है।*

32. बेमेल चुने
(1) आध्यात्मिक (2) श्रद्धालु
(3) नास्तिक (4) धार्मिक (3)

**हल:** *आध्यात्मिक, श्रद्धालु एवं धार्मिक आपस में समानार्थी हैं जबकि नास्तिक इनका विपरीत है।*

33. बेमेल चुने
(1) निर्देश देना (2) परामर्श देना
(3) सुझाव देना (4) सलाह देना (1)

**हल:** *परामर्श देना, सुझाव देना एवं सलाह देना सभी का अर्थ एक है जबकि निर्देश देना भिन्न है।*


34. अनुक्रम के अंत में क्या आयेगा?
1,1,2,4,3,9,4,16,...
(1) 256 (2) 5
(3) 32 (4) 64 (2)

**हल:** 1, 1, 2, 4, 3, 9, 4, 16, ...
इसमें दो श्रेणियाँ हैं-
1, 2, 3, 4,(5) क्रमिक अंक अत: अगला अंक 5 होगा
1, 4, 9, 16, 28... क्रमिक प्राकृत संख्याओं के वर्ग

35. रिक्त स्थान पर कौनसा अंक अनुक्रम को सही बनाएगा?
7,15,32,...,138,281
(1) 47 (2) 65
(3) 67 (4) 87 (3)

**हल:** 7,15,32,...,138,281
$(7\times2+1),(15\times2+2),\boxed{(32\times2+3=67)}$
$(67\times2)+4=138,\ (138\times2)+5=281$

36. तीसरे वृत में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आने वाली संख्या है-





(1) 57 (2) 19
(3) 36 (4) 21 (4)


**हल:** $\sqrt{36}+\sqrt{49}+\sqrt{64}+\sqrt{25}=26$
$\sqrt{25}+\sqrt{64}+\sqrt{144}+\sqrt{36}=31$
अत: $\sqrt{9}+\sqrt{81}+\sqrt{25}+\sqrt{16}=21$

37. यदि BLACK का कूट DNCEM है तो SWEET का कूट होगा-
(1) TEEWS (2) TXFFU
(3) UYGGV (4) VZHHW (3)

**हल:**




अत:




38. यदि BEAT को GIDV के रूप में लिखें तो SOUP को लिखा जा सकता है–


(1) XSYR (2) XYRS

(3) XSXR (4) XYXR (3)


हल:




अतः




39. निम्न आकृति में संख्याओं को व्यवस्थित किया गया है, रिक्त स्थान पर तार्किक रूप से आने वाली उचित संख्या है–




(1) 10 (2) 15

(3) 36 (4) 43 (2)

हल: *41+ 4 = 55 एवं 21 + 35 = 56*

*अतः 40 + 16 = 56 तो 42 + 15 = 57*

40. यदि SHE = 32, HE = 13 तो WE = ?

(1) 19 (2) 45

(3) 28 (4) 13 (3)

हल: *SHE = 32 ⇒ वर्णमाला क्रम में अक्षरों के क्रमांक का योग S = 19 + H = 8 + E = 5 = 32*

*तथा HE = 8 + 5 = 13*

*अतः WE = 23 + 5 = 28*

41. तीन जार जिनकी मापने की क्षमता A = 20 लीटर, B = 59 लीटर तथा C = 4 लीटर है, की सहायता से तेल से पूरे भरे ड्रम में से 31 लीटर तेल कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

(1) B–A+2C (2) A+B–2C

(3) B+C–3A (4) B–A–2C (4)


हल: *A = 20, B = 59 एवं C = 4*

*अतः 31 लीटर मापने हेतु*

*B – A – 2C*

*59–20–2×4 = 59–28 = 31*

निर्देश (42–45) : नीचे दिये गये पाई चित्र के अनुसार एक परिवार के मासिक बजट की श्रेणियाँ दी गई है। यदि इस वर्ष के लिए परिवार की मासिक आय 3080 रु. है तो चित्र का अध्ययन कीजिए तथा आगे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–




A - Food/ भोजन

B - Conveyance/ वाहन

C - Clothing/ वस्त्र

D - Miscellaneous/ मिश्रित

E - Saving/ बचत

F - House rent/ मकान किराया

42. वाहन एवं वस्त्र पर प्रति माह कितना धन खर्च किया गया?

(1) ₹ 924 (2) ₹ 369.60

(3) ₹ 554.40 (4) ₹ 824 (1)

हल: वाहन एवं वस्त्र पर कुल व्यय $= \frac{B+C}{100} \times 3080$

$= \frac{12+18}{100} \times 3080 =$ ₹ 924

43. परिवार द्वारा प्रतिमाह कितना मकान किराया दिया गया?

(1) ₹ 550 (2) ₹ 462

(3) ₹ 432 (4) ₹ 360 (2)

हल: *मकान किराया* $= F = \frac{15}{100} \times 3080 =$ ₹ *462.00*

44. प्रतिमाह भोजन, कपड़ों तथा वाहन पर कुल कितना खर्च किया जाता है?

(1) ₹ 1664 (2) ₹ 1584

(3) ₹ 1694 (4) ₹ 1794 (3)

**हल:** *भोजन, वाहन एवं कपड़ों पर कुल व्यय A+B+C*

$$= \frac{25+12+18}{100} \times 3080$$

= ₹ *1694*

45. इस वर्ष परिवार द्वारा कितनी बचत की गयी है?

(1) ₹ 7492 (2) ₹ 7502

(3) ₹ 7392 (4) ₹ 7382 (3)

**हल:** *परिवार द्वारा की गई प्रतिमाह बचत (E)*

*= 100–(A+B+C+D+E)*

$$\text{प्रतिमाह } E = \frac{100-(25+12+18+10+15)}{100} \times 3080$$

$$= \frac{20}{100} \times 3080 = ₹\ 616$$

*वर्ष की कुल बचत = 616 × 12 = ₹ 7392*

46. नीचे तीन कथन दिये गये हैं। वह अनुक्रम चुनिए जो इसे तार्किक क्रम में अर्थपूर्ण बनाये।

(a) सचिन एक महान बल्लेबाज है जबकि काम्बली का नाम अक्सर अभिनेत्रियों के साथ जोड़ा जाता है।

(b) सचिन एवं काम्बली अच्छे मित्र हैं।

(c) उनके सम्बन्धों में तनाव है

(1) a-b-c (2) c-b-a

(3) b-c-a (4) b-a-c (4)

**हल:** (b) सचिन एवं काम्बली अच्छे मित्र हैं।

(a) सचिन एक महान बल्लेबाज है जबकि काम्बली का नाम अक्सर अभिनेत्रियों के साथ जोड़ा जाता है।

(c) उनके संबंधों में तनाव है।

47. नीचे चार कथन a, b, c तथा d दिये गये हैं। ऐसे अनुक्रम को चुनिए जिसमें तार्किक क्रम एवं अर्थ निकलता है।

(a) सुदर्शन का व्यक्तित्व उसे अन्य से अलग करता है।

(b) कोई भी चीज इतनी सूक्ष्म नहीं है कि उसके ध्यान से बच सके।

(c) उसमें विस्तृत जानकारी के लिए हठधर्मित समर्पण है।

(d) यही उसे अन्य से भिन्न करता है।

(1) d-b-c-a (2) a-c-b-d

(3) a-b-c-d (4) d-c-b-a (

**हल:** $a \Rightarrow c \Rightarrow b \Rightarrow d$

48. यदि सभी 'X''Y' है तो कुछ 'Y''X' हैं।


(1) निष्कर्ष सदैव सत्य है।

(2) निष्कर्ष सदैव गलत है।

(3) निष्कर्ष सत्य हो सकता है।

(4) निष्कर्ष गलत हो सकता है। (

**हल:** *सभी X, Y हैं* ⇒




*तो कुछ Y अवश्य X होंगे, अतः निष्कर्ष सदैव सही*

49. नीचे दिये छः कथनों में तार्किक रूप से संबंधित कथनों के समुच्चय को चुनें–

(A) रीमा बुद्धिमान है।

(B) कुछ चुस्त लोग बुद्धिमान हैं।

(C) सभी बुद्धिमान लोग साहसी हैं।

(D) सभी बुद्धिमान लोग चुस्त नहीं हैं।

(E) रीमा साहसी है।

(F) रीमा चुस्त है।

(1) C-A-E (2) C-E-A

(3) A-D-F (4) D-F-A (

**हल:** (C) सभी बुद्धिमान लोग साहसी हैं।

(A) रीमा बुद्धिमान है।

(E) रीमा साहसी है।

50. यहाँ एक मुख्य कथन है जिसके पश्चात् चार कथन a, c तथा d हैं। विकल्पों से क्रमित युग्म चुनिए जिसमें प्र कथन से द्वितीय कथन का अर्थ निकलता है तथा त तार्किक रूप से मुख्य कथन के अनुरूप हो।

यदि रेगिस्तान वृहत है तो महासागर खोखला है।

(A) रेगिस्तान वृहत है

(B) रेगिस्तान वृहत नहीं है

(C) महासागर खोखला है

(D) महासागर खोखला नहीं है

(1) ca (2) bd

(3) bc (4) db (

ल.

## भाग-ब

51. राजस्थान के एकीकरण का श्रेय जाता है-
(1) हीरालाल शास्त्री को
(2) सरदार वल्लभ भाई पटेल को
(3) पंडित जवाहर लाल नेहरू को
(4) लार्ड माउंटबेटन को (2)

52. पृथ्वीराज व जयचन्द के मध्य वैमनस्य का कारण था-
(1) पदमावती (2) करुणावती
(3) संयोगिता (4) दुर्गावती (3)

53. हल्दीघाटी का युद्ध किस वर्ष में हुआ?
(1) 1563 (2) 1557
(3) 1567 (4) 1576 (4)

54. मेवाड़ का बिजौलिया आंदोलन किसके नेतृत्व में हुआ?
(1) गुलाबचंद (2) विजय सिंह पथिक
(3) जमनालाल बजाज (4) केसरी सिंह बारहट(2)

55. राजस्थान में 1857 की क्रांति का आरम्भ किस स्थान से हुआ-
(1) ऐरनपुरा (2) नसीराबाद
(3) डूँगरपुर (4) उदयपुर (2)

56. बूँदी के प्रसिद्ध साहित्यकार सूर्यमल्ल मिश्रण ने किस ग्रंथ की रचना की?
(1) गुणरुपक (2) वंश भास्कर
(3) खुमाण दासो (4) बुद्ध विलास (2)

57. किसके समय में व्हेनसांग (युवान-च्यांग) राजस्थान आया?
(1) राणा सांगा के (2) राणा कुम्भा के
(3) हर्षवर्धन के (4) राजा भारमल के (3)

58. राजपूतों के किस वंश ने जयपुर रियासत पर शासन किया?
(1) कच्छवाहा (2) गहलोत
(3) मुहिल (4) राठौड़ (1)

59. राजस्थान की राज्यपाल बनने वाली प्रथम महिला है-
(1) श्रीमती गायत्री देवी (2) श्रीमती सुमित्रा सिंह
(3) श्रीमती गिरिजा व्यास (4) श्रीमती प्रतिभा पाटिल(4)

60. राजस्थान के पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए कितने स्थान आरक्षित हैं-
(1) 36% (2) 50% (3) 33% (4) 30%(2)

61. राजस्थान मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की अधिकतम संख्या हो सकती है-
(1) 15 (2) 20 (3) 30 (4) 25 (3)

62. वर्तमान में राजस्थान में संभागों की संख्या है-
(1) 5 (2) 8 (3) 7 (4) 6 (3)

63. निम्नलिखित शहरों में से राजस्थान का उच्च न्यायालय किस शहर में है-
(1) उदयपुर (2) अजमेर
(3) जोधपुर (4) बीकानेर (3)

64. राजस्थान में ताँबे की खाने कहाँ है?
(1) गोटन (2) खेतड़ी
(3) कोलायत (4) जावर (2)

65. राजस्थान में स्थित राष्ट्रीय पक्षी उद्यान का नाम है-
(1) केवलादेव (2) रणथम्भौर
(3) सरिस्का (4) दर्रा (1)

66. राजस्थान राज्य का 'राज्य वृक्ष' है-
(1) बबूल (2) नीम
(3) खेजड़ी (4) सागवान (3)

67. इनमें से खारे पानी की झील कौनसी है-
(1) जयसमंद (2) फॉयसागर
(3) राजसमंद (4) पंचपदरा (4)

68. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौनसी नदी बारह मास बहती है?
(1) गंभीरी (2) कॉटली
(3) लूणी (4) चंबल (4)

69. राजस्थान की प्रमुख नकदी फसल है-
(1) चुकन्दर (2) कपास
(3) मूंगफली (4) गन्ना (2)

70. उत्तर-पश्चिम रेल्वे का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) जोधपुर (4) अजमेर (1)

71. 'बासमती' किस्म है-
(1) गेहूँ की (2) चावल की
(3) सरसों की (4) मूँगफली की (2)

72. भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र किस जिले में हैं-
(1) भरतपुर (2) अलवर
(3) जयपुर (4) धौलपुर (2)

73. राजस्थान में वस्त्र उद्योग का प्रसिद्ध नगर है-
(1) भीलवाड़ा (2) जयपुर
(3) कोटा (4) उदयपुर (1)

74. राजस्थान के किस शहर में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है?
(1) चित्तौड़गढ़ (2) कोटा
(3) बाँसवाड़ा (4) रावतभाटा (4)

75. जैसलमेर में कौनसा उत्सव मनाया जाता है?
(1) मरू-उत्सव (2) माहरो-उत्सव
(3) धोरां-रा-उत्सव (4) राजस्थान उत्सव (1)

76. राजस्थान के किस शहर को 'झीलों की नगरी' कहा जाता है?
(1) राजसमंद (2) जोधपुर
(3) अलवर (4) उदयपुर (4)

77. राजस्थान में पर्यटन विकास हेतु उत्तरदायी उपक्रम है-
(1) आर.एफ.सी. (2) रीको
(3) आर.टी.डी.सी. (4) उद्योग निदेशालय (3)

78. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस अभ्यारण में 'सफारी पार्क' विकसित किया गया-
(1) रणथम्भौर (2) मरू उद्यान
(3) सरिस्का (4) मुकन्दरा (1)

79. मेवाती बोली से सम्बन्धित जिला है-
(1) जयपुर (2) सीकर
(3) कोटा (4) अलवर (4)

80. राजस्थान राज्य अभिलेखागार का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) कोटा (2)

81. प्रसिद्ध राजस्थानी लोकनृत्यांगना 'गुलाबो' का संबंध किस नृत्य से है-
(1) बागड़िया नृत्य (2) पनिहारी नृत्य
(3) घुड़ला नृत्य (4) कालबेलिया नृत्य (4)

82. राजस्थानी भाषा की कृति 'पाथल और पीथल' किसकी कृति है?
(1) कन्हैया लाल सेठिया (2) [illegible] सिंह
(3) विजयदान देथा (4) सुन्दरदास (1)

83. मीराबाई के बचपन का नाम क्या था
(1) नेतल (2) पेमल (3) [illegible] (4) कमल (2)

84. करणी माता का मंदिर कहाँ स्थित है?
(1) देशनोक (बीकानेर) (2) ओसिया (जोधपुर)
(3) आसपुर (डूँगरपुर) (4) जैतारण (पाली) (1)

85. कंठी नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) कान में (2) सिर पर
(3) गले में (4) हाथ में (3)

86. चारण कवियों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी भाषा का साहित्यिक रूप है-
(1) पिंगल (2) डिंगल (3) ब्रज (4) ढूँढाड़ी (2)

87. राजस्थान साहित्य अकादमी स्थित है-
(1) बीकानेर में (2) जयपुर में
(3) जोधपुर में (4) उदयपुर में (4)

88. क्रांतिकारी रचना 'चेतावनी रा चूंगट्या' के रचयिता है-
(1) केसरीसिंह बारहठ (2) कन्हैया लाल सेठिया
(3) अर्जुन सिंह (4) नैनसी (1)

89. बादशाह का मेला भरता है?
(1) ब्यावर में (2) कोटा में
(3) सवाई माधोपुर में (4) दौसा में (1)

90. 'वालर' नृत्य निम्नलिखित में से किस जनजाति का प्रमुख नृत्य है?
(1) मीणा (2) कंजर (3) गरासिया (4) दामोर (3)

91. नाथद्वारा किस सम्प्रदाय का मंदिर है?
(1) जैन (2) शैव्य (3) वैष्णव (4) बौद्ध (3)

92. राजस्थान में 'सास-बहू' का मंदिर कहाँ स्थित है?
(1) चौहटन (2) गोगुन्दा
(3) नागदा (4) भीनमाल (3)

93. 'विजयस्तंभ' किस जिले में स्थित है?
(1) जालौर दुर्ग (2) कुंभलगढ़ दुर्ग
(3) मयूध्वज गढ़ (4) चित्तौड़ दुर्ग (4)

94. सुप्रसिद्ध बणी-ठणी किस शैली से सम्बन्धित है?
(1) जयपुर शैली (2) बूँदी शैली
(3) किशनगढ़ शैली (4) कोटा शैली (3)

95. राजस्थान विधानसभा का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है-
(1) 6 वर्ष (2) 3 वर्ष
(3) 5 वर्ष (4) अनिश्चित काल (3)

96. राजस्थान लोक सेवा आयोग का मुख्यालय कहाँ है-
(1) जयपुर (2) अजमेर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर (2)

97. हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात् महाराणा प्रताप ने निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ अपनी राजधानी स्थापित की ?
(1) दिवेर (2) खमनौर
(3) चावण्ड (4) गोगुन्दा (3)

98. पन्नाधाय ने अपने पुत्र का बलिदान देकर किस राजकुमार की जान बचाई?
(1) उदयसिंह (2) मान सिंह
(3) प्रताप सिंह (4) उपर्युक्त कोई नहीं (1)

99. राजस्थान के किस जिले में 'आकल लकड़ी जीवाश्म पार्क' स्थित है-
(1) श्रीगंगानगर (2) जैसलमेर
(3) अलवर (4) चूरू (2)

100. भटनेर का किला निम्नलिखित में से किस जिले में है-
(1) हनुमानगढ़ (2) जयपुर
(3) अजमेर (4) सीकर (1)

SKResult.com

## शिक्षण अभिक्षमता (Teaching Aptitude)

### भाग-स

101. छात्रों के अधिकारिता अधिगम को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक है-
(1) अधिगम हेतु समय (2) अनुदेशन की गुणवत्ता
(3) छात्रों की लेखन गति
(4) विशिष्ट प्रकार के अधिगम के प्रति अभिक्षमता (4)

102. विद्यार्थियों के अधिगम को बढ़ाने वाला वैकल्पिक चर है-
(1) बुद्धि (2) वातावरण
(3) शिक्षण गुणवत्ता (4) समय (3)

103. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान पुनर्बलन छात्रों के अधिगम पर धनात्मक प्रभाव डालता है-
(1) हमेशा (2) अधिकांशतया
(3) कभी-कभी (4) कह नहीं सकते (2)

104. एक अध्यापक को सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग करना चाहिए-
(1) शिक्षण को रुचिकर बनाने हेतु
(2) दृश्य अनुभव प्रदान करने हेतु
(3) शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु
(4) अध्यापक का कार्यभार कम करने हेतु (1)

105. हमारी प्रजातान्त्रिक संवैधानिक संरचना के अनुरूप कौनसा शिक्षण उपागम सर्वोत्तम है?
(1) अध्यापक केन्द्रित (2) सहभागिता केन्द्रित
(3) विद्यार्थी केन्द्रित (4) क्रिया केन्द्रित (2)

106. यदि एक छात्र आपकी कक्षा का अनुशासन भंग कर रहा है तो आप अध्यापक होने के नाते क्या करेंगे?
(1) दूसरों से इसकी चर्चा करेंगे।
(2) इसके लिए उसे दण्ड देंगे।
(3) उसके माता-पिता को बुलाने के लिए उसकी डायरी में नोट लिखेंगे।
(4) इसके पीछे के कारण को जानने का प्रयास करेंगे। (4)

107. प्राथमिक स्तर पर शिक्षण की सर्वोत्तम विधि कौनसी है?
(1) व्याख्यान विधि (2) खेल विधि
(3) परियोजना विधि (4) प्रदर्शन विधि (2)

108. एक प्रभावी अध्यापक बनने के लिए एक व्यक्ति में निम्नलिखित में से कौनसी विशेषताएँ होनी चाहिए?
(1) शैक्षिक योग्यता और दृढ़ अनुशासन
(2) शिक्षण अभिक्षमता और सम्प्रेषण कौशल
(3) मानवीय मूल्य और सन्तुलित व्यक्तित्व
(4) समर्पण और अच्छा व्यक्तित्व (2)

109. प्राथमिक स्तर पर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में किस प्रकार का मूल्यांकन सम्मिलित किया जाना चाहिए?
(1) रचनात्मक और निदानात्मक
(2) स्थापन और स्वमूल्यांकन
(3) रचनात्मक और समेकित
(4) निदानात्मक, रचनात्मक और समेकित (4)

110. प्राथमिक स्तर की कक्षा में प्रभावी सम्प्रेषण संभव है जब अध्यापक सम्प्रेषण करे-
(1) विद्यार्थियों की मातृ भाषा में
(2) राष्ट्र भाषा में
(3) मातृ भाषा और राष्ट्र भाषा दोनों में
(4) संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भाषा में (1)

111. शिक्षण की प्रकृति है-
(1) विज्ञान (2) कला और कौशल
(3) कला और विज्ञान
(4) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि पर निर्भर करती है (3)

112. बालक के अधिगम के लिए निम्नलिखित में से कौनसी क्रिया सर्वाधिक योगदान देती है?
(1) देखकर सीखना (2) याद करके सीखना
(3) सुनकर सीखना (4) करके सीखना (4)

113. एक बालक का अधिगम निम्नलिखित अधिगम ढाँचे (सैटअप) से सर्वाधिक प्रभावित होता है?
(1) शोर रहित अलग कक्ष (2) विद्यालय में
(3) भाई-बहनों के साथ
(4) उसके अपने सामाजिक और सांस्कृतिक ढाँचे (वातावरण) में (4)

114. सभी स्तरों के लिए एक अध्यापक की एक महत्वपूर्ण योग्यता कौनसी है?
(1) सामाजिक संवेदनशीलता
(2) विषय ज्ञान
(3) प्रभावी नेतृत्व (4) विधियों का ज्ञान (2)

115. यदि एक अध्यापक अपने कार्य को नकारता है और कक्षा शिक्षण से बचता है तो इसका कारण है?
(1) नैतिक मूल्यों का अभाव
(2) शिक्षण अभिक्षमता का अभाव
(3) कार्य करने की क्षमता का अभाव
(4) व्यावसायिक नैतिकता का अभाव

116. शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में पृष्ठपोषक आवश्यक है-
(1) अध्यापक के लिए (2) विद्यार्थियों के लिए
(3) अध्यापक और विद्यार्थियों के लिए
(4) कक्षा में क्रमोन्नति के लिए (1)

117. एक अध्यापक में नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए-
(1) कक्षा की समस्याओं के समाधान हेतु
(2) विद्यार्थियों के नियन्त्रण हेतु
(3) योजना क्रियान्वयन हेतु
(4) शिक्षण को गति देने हेतु (4)

118. एक नेता में निम्नलिखित में से कौनसा मुख्य गुण होना चाहिए-
(1) बुद्धि की श्रेष्ठता (2) लचीलापन
(3) आत्मविश्वास और साहस
(4) इच्छाशक्ति और निर्णय योग्यता (4)

119. एक अच्छे नेता में निम्नलिखित मुख्य योग्यता होगी-
(1) दल का गठन और उद्देश्यों की प्राप्ति करना
(2) व्यक्तियों का सहयोग
(3) दूसरों को अभिप्रेरित करना
(4) कार्य के लिए आदेश देना (1)

120. एक नेता का महत्वपूर्ण कार्य है-
(1) कार्य की पहल करना
(2) व्यक्ति के कार्य का मूल्यांकन करना
(3) निर्देश देना
(4) संगठन को एक करना और निर्णय लेना (4)

121. सम्प्रेषण का महत्वपूर्ण तत्व निम्नलिखित में से कौनसा है?
(1) स्वीकार्यता (2) स्पष्ट विचार
(3) उपर्युक्त माध्यम (4) जटिल भाषा (3)

122. एक विद्यालय में प्रभावी सम्प्रेषण का मुख्य उद्देश्य होता है-
(1) छुट्टियों के बारे में सूचित करना
(2) विद्यार्थियों के अधिगम को नियंत्रित सुधार करना
(3) विद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण विकसित करना
(4) सूचना और आदेश देना (3)

123. सम्प्रेषण का अर्थ है-
(1) अनुभव साझा करना (2) ज्ञान का संरक्षण
(3) सम्प्रत्यय बताना
(4) परम्परा विचारों और भावनाओं की साझेदारी करना (4)

124. सम्प्रेषण होना चाहिए-
(1) शिक्षण अधिगम में हावभाव सहित
(2) शिक्षण अधिगम में स्पष्टता सहित
(3) शिक्षण अधिगम में द्विमार्गी
(4) शिक्षण अधिगम में एकमार्गी (3)

125. प्राथमिक कक्षा में प्रभावी अधिगम के लिए निम्नलिखित में से कौनसा सम्प्रेषण उपकरण अधिक योगदान देता है-
(1) दृश्य स्रोत (2) कार्यपरक स्रोत
(3) द्विसांकेतिक स्रोत (4) श्रृव्य स्रोत (2)

126. प्रभावी सम्प्रेषण की मुख्य विशेषता है-
(1) यह द्विमार्गी प्रक्रिया है
(2) यह संवेदी सक्रियता पर निर्भर करती है
(3) यह बोलने का कौशल है
(4) यह विकास का साधन नहीं है (1)

127. प्राथमिक स्तर पर कक्षा अनुशासन के प्रबंध हेतु निम्नलिखित में से कौनसा सम्प्रेषण का प्रभावी प्रकार है-
(1) लिखित (2) हावभाव सहित मौखिक
(3) हावभाव रहित शाब्दिक (4) अशाब्दिक (2)

128. सम्प्रेषण का मुख्य सिद्धान्त है-
(1) स्पष्टता (2) उपर्युक्तता
(3) प्रतिकूलता (4) लचीलापन (1)

129. निम्नलिखित में से कौनसा सम्प्रेषण का मुख्य बाधक है-
(1) विभिन्न स्तरों पर सम्प्रेषण
(2) समान वैचारिक पृष्ठ भूमि
(3) जटिल समूह संगठन
(4) अस्पष्ट और अनुपयुक्त भाषा (4)

130. एक अध्यापक की सर्वाधिक अनिवार्य व्यावसायिक योग्यता है-
(1) उन्नत दृष्टिकोण (2) एकतन्त्रीय दृष्टिकोण
(3) अपने व्यवसाय के लिए प्रेम
(4) व्यवसायिक प्रशिक्षण (3)

131. प्राथमिक स्तर के अध्यापक की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निम्नलिखित है-
(1) विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माता
(2) समाज की रीढ़
(3) समाज-सेवक (4) साक्षर व्यक्ति (1)

132. एक अध्यापक की मुख्य शैक्षिक योग्यता कौनसी है?
(1) शिक्षण शास्त्र का ज्ञाता
(2) विषय पर अधिकारिता
(3) अभिव्यक्ति में प्रवाह
(4) ज्ञान पिपासा (2)

133. एक अध्यापक का अनिवार्य व्यक्तित्व सम्बन्धी गुण है-
(1) विद्यार्थियों से प्रेम
(2) शारीरिक एवं मानसिक स्वच्छता
(3) उच्च नैतिक चरित्र
(4) आलोचनात्मक दृष्टिकोण (3)

134. एक अध्यापक का मुख्य कार्य निम्नलिखित में से कौनसा है?
(1) विद्यालय का बजट बनाना
(2) शिक्षण-अधिगम
(3) विद्यार्थियों को मार्गदर्शन (4) संस्थागत कार्य(3)

135. प्राथमिक स्तर पर अध्यापक विद्यार्थी सम्बन्ध होने चाहिए-
(1) मानवीय और मित्रतापूर्ण
(2) संकीर्ण विशिष्टीकरण
(3) सहानुभूतिपूर्ण और स्नेहपूर्ण
(4) अधिगमकर्त्ता को समझने में अध्यापक को रुचि लेनी चाहिए (3)

136. प्राथमिक स्तर पर कक्षा अध्यापक प्रणाली, विषय अध्यापक प्रणाली से अधिक उपर्युक्त है, क्योंकि-
(1) विभिन्न विषयों का सहसम्बन्ध संभव है।
(2) न्यायसंगत गृहकार्य संभव है।
(3) अधिक अध्यापक-विद्यार्थी सम्पर्क संभव है।
(4) विषय ज्ञान का विशिष्टीकरण संभव है। (3)

137. प्रजातांत्रिक नेतृत्व में एक नेता के निर्णय निर्भर करते हैं-
(1) नेता के स्थायीकरण पर
(2) समूह के सदस्यों के अनुसार लचीलेपन पर
(3) समूह के सदस्यों के सहयोग पर
(4) समूह के सदस्यों की सलाह पर (3)

138. सतत् और व्यापक मूल्यांकन के व्यापक शब्द का अर्थ है-
(1) इसमें शैक्षिक और सहशैक्षिक क्रियाएँ निहित है।
(2) बालक के विकास के विभिन्न पक्षों में निहित है।
(3) इसमें छात्रों की विषयों की ग्रेड्स (श्रेणी) निहित है।
(4) इसमें असंज्ञानात्मक क्षेत्र निहित है। (2)

139. मूल्यांकन शब्द एक प्रक्रिया को दर्शाता है जिसके द्वारा अध्यापक-
(1) विद्यार्थियों के बारे में सूचनाएँ इकट्ठी करता है।
(2) कक्षा के विद्यार्थियों का वर्गीकरण करता है।
(3) व्यवहार परिवर्तन के प्रमाण इकट्ठा करके निर्णय लेता है।
(4) विद्यार्थियों की प्रगति को व्यवस्थित करता है।(4)

140. सतत और व्यापक मूल्यांकन निरंतर पृष्ठपोषण प्रदान करता है-
(1) अध्यापक और माता-पिता के लिए
(2) बालक अध्यापक के लिए
(3) बालक, अध्यापक और माता-पिता के लिए
(4) तंत्र के लिए (4)

141. वार्षिक परीक्षा प्रणाली में सुधार के प्रयास की आवश्यकता है-
(1) मूल्यांकन प्रक्रिया में
(2) समय प्रणाली में
(3) लिखित और प्रायोगिक कार्यों में
(4) रिपोर्ट कार्ड में (1)

142. सतत और व्यापक मूल्यांकन अधिगमकर्ता में निम्नलिखित में से कौनसी आदत का विकास करता है-
(1) सतत अध्ययन (2) स्वयं अध्ययन
(3) व्यक्तिक अध्ययन
(4) निरन्तर और स्वयं अध्ययन (4)

143. मूल्यांकन का नजदीकी संबंध है-
(1) अधिगम के उद्देश्यों से
(2) अधिगम अनुभवों से
(3) अधिगम अनुभवों और उद्देश्यों से
(4) मूल्यांकन व्यूरचनाओं से (3)

144. अधिगम की प्रकृति दिखाई देती है-
(1) रटने में (2) प्रक्रिया और उत्पाद में
(3) केवल उत्पाद में (4) केवल प्रक्रिया में (2)

145. बालक में सामाजिक संवेदनशीलता के विकास का आधारभूत अभिकरण है-
(1) विद्यालय (2) समाज (3) परिवार (4) पुस्तकें(3)

146. सृजनशील व्यक्ति निम्नलिखित में से कौनसा गुण रखते हैं?
(1) निर्णय में स्वतंत्र (2) जिज्ञासु
(3) विचारों पर दृढ़ (4) निडर और साहसी (2)

147. सृजनशीलता को दर्शाने के लिए निम्नलिखित में से कौनसे विषय की प्रकृति उपयुक्त है?
(1) इतिहास (2) चित्रकला और कला
(3) विज्ञान (4) साहित्य (2)

148. एक अध्यापक अपनी कक्षा के विद्यार्थियों में निम्नलिखित में से किस क्रिया द्वारा सृजनात्मकता का विकास कर सकता है-
(1) मस्तिष्क उद्वेलन द्वारा
(2) अभिव्यक्ति का अवसर देकर
(3) अभ्यास का दोहरान करवाकर
(4) स्वत: क्रिया द्वारा (4)

149. एक अध्यापक को प्राथमिक स्तर पर विषयवस्तु के सम्प्रत्यीकरण हेतु शिक्षण अधिगम सामग्री और अनुभवों का उपयोग करना चाहिए-
(1) सांकेतिक सामग्री (2) अमूर्त सामग्री
(3) प्रत्यक्ष अनुभव (4) मूर्त सामग्री (1)

150. बालकों में सामाजिक संवेदनशीलता को पैदा करने की निम्नलिखित में से कौनसी विधि सर्वोत्तम है?
(1) व्याख्यान (2) पुस्तकें और साहित्य
(3) चित्र और नाटक
(4) घर और समाज में वास्तविक जीवन के उदाहरण

## Language Proficiency English

### Section : D

**Direction (Q. 151-155) :** Read the following passge and answer questions given below it.

Then, waving his great sword above his head, he rushed at Horatitious and hit him with all his strength. The sword missed Horatitious's head, but hit his leg, and the Tuscans gave a joyful cry to see the red blood flow from the wound. Herminius came to help his friend and Horatitious rested for a minute. Like an angry wild cat, he jumped right at Astur's face and gave him a terrible cut with his sword. The great loard Astur fell dead, and Horatitious stood over him and called out. "See how we welcome your here, which noble Tuscan will come to fight us."

The Tuscans spoke together in anger and shame and fear and even the bravest of them was afraid to come forward to fight the three fearless Romans on the bridge.

151. "He rushed at Horatitious." The meaning of underlined words in the sentence is :
(1) murdered (2) crushed
(3) attacked (4) threatened (3)

152. "The Tuscans gave a joyful cry" because :
(1) one of the Romans was killed.
(2) Herminius was wounded.
(3) they saw Heratitious's leg bleeding.
(4) they gained victory over the Romans. (3)

153. "See how we welcome you here." This sentence means :
(1) they really welcomed them.
(2) they wanted only to show them their welcome.
(3) they were ready to give them honour.
(4) they challenged them to come forward and fight them. (4)

154. Like an angry wild cat he jumped. The underlined words in the sentence refer to
(1) Hermitious (2) Herminius
(3) Astur (4) No one (1)

155. 'and Horatitious stood over him.' The phra[se] 'stood over' here means.
(1) Supported (2) Represented
(3) Moved away from (4) Watched closely (

156. Which part in the following sentence is wron[g]
Ram told me that he does not know me.
(1) told (2) that
(3) he (4) does not (

157. Chose the correct preposition for the blank [in] the following sentence :
I have not eaten anything ......... yesterday.
(1) for (2) since
(3) from (4) before (

158. The indirect narration of the sentence : S[he] said to me, "Are you studying in Class X?"
(1) She asked me, I am studying in class
(2) She asked me if you are studying in clas[s]
(3) She asked me if I am studying in clas[s]
(4) She asked me if I was studying in clas[s]

159. The correct indirect narration of the senten[ce] The teacher said to students, "the earth is rou[nd]
(1) The teaccher told the students that earth was round
(2) The teacher said to the students that earth is round
(3) The teacher told the students that the e[arth] is round
(4) The teacher told the students if the e[arth] was round.

**Direction (Q. 160-161) :** Fill in the blankds [with] the correct articles in the following senten[ces]

160. My father is .......... S.P.
(1) a (2) an
(3) the (4) zero article

161. She does not like .......... milk.
(1) a (2) an
(3) the (4) zero article

162. Choose the correct coneective for the blank in the following sentence.
Scarcely had he gone ....... a policemen knocked at the door.
(1) that (2) then
(3) when (4) than (3)

163. Choose the incorrect sentence in the following :
(1) The quality of the mangoes was not good.
(2) Time and tide waits for none.
(3) The horse and carriage are at the door.
(4) Neither of the two men was very strong. (3)

**Direction (Q.164-165)** : Choose the correct option to complete the following sentences:

164. I cannot .......... it to you right now; tomorrow we will discuss about it.
(1) demand (2) disturb
(3) worry (4) explain (4)

165. Despite his .......... he had to suffer.
(1) punishment (2) crime
(3) fault (4) innocence (4)

166. Which of the following sentence is a simple sentence?
(1) If you want I can help you
(2) Flowing water is always clean
(3) She worked hard yet she failed
(4) No sooner did he see me that he ran away (2)

167. Choose the word which can replace the following group of words:
A child whose parents are dead.
(1) orphan (2) wanderer
(3) bastard (4) stray child (1)

168. Which word is correctly spelt.
(1) truely (2) wholely
(3) duly (4) aweful (3)

169. Choose the correct alternative for the blank in the following sentence.
Yesterday she ......... T.V. at this time.
(1) watched (2) had watched
(3) was watching (4) has watched (3)

170. Which of the following is the correct indirect narration of the following sentence:
My mother said to me. "Don't waste your time."
(1) My mother told me that don't waste time
(2) My mother advised me not to waste my time.
(3) My mother told me to waste my time.
(4) My mother ordered me that I don't waste time. (2)

## भाषा-योग्यता हिन्दी

### भाग-द

171. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द 'हाथी' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(1) द्विप (2) हस्ति
(3) वरूथ (4) सिंधुर (3)

172. निम्नलिखित में से 'आधी रात' अर्थ का द्योतक शब्द कौनसा है?
(1) शर्वरी (2) निशीथ
(3) तमिस्रा (4) नक्तम् (2)

173. निम्नलिखित में से किसमें सभी शब्द तत्सम शब्द हैं?
(1) दूर, गाय, छेरी, अभ्र (2) द्विरेफ, ढोटा, भार, पनघट
(3) मयूख, खरक, मसक, चरित
(4) तीर, तुष, तुला, त्रुटि (4)

174. निम्नलिखित में से किसमें उपसर्ग के योग से बना हुआ शब्द नहीं है?
(1) उचक्का (2) औदक
(3) औढर (4) औघट (3)

175. निम्नलिखित में से किसमें शब्द के सामने उसका सही विलोम लिखा हुआ है?
(1) सकल-शकल (2) अमर-मर्त्य
(3) कोप-दया (4) पिपासा-बुभुक्षा (2)

176. निम्नलिखित में से किसमें शब्द के सामने उसका सही विलोम नहीं है?
(1) स्थावर - जंगम (2) भेद - विभेद
(3) श्लिष्ट - विविक्त (4) हव्य - क्रव्य (2)

177. किस शब्द - युग्म में उसके शब्दों के अर्थ सही-सही लिखे हुए हैं?
(1) शशिधर - शशधर =(i) शशिधर - महादेव शंकर
(ii) शशधर - शेषनाग
(2) विलाप - विलाल = (i) विलाप - रोदन
(ii) विलाल - सुन्दर
(3) व्यंसक - व्यंशक =(i) व्यंसक - पहाड़
(ii) व्यंशक - ठग
(4) जरठ - जठर = (i) जरठ - बूढ़ा
(ii) जठर - पेट (4)

178. निम्नलिखित में से किसमें सही संधि का उदाहरण है?
(1) निः+चेतना = निर्चेतना
(2) पुनः+अवलोकन = पुनरावलोकन
(3) पत्+हति = पद्धति
(4) प्र+उढ़ = प्रोढ़ (3)

179. निम्नलिखित में से किसमें सही संधि-विच्छेद का उदाहरण है?
(1) अम्बूर्मि = अम्बू + उर्मि
(2) सवित्रूर्जा - सवित्र + ऊर्जा
(3) न्यून = नि + ऊन
(4) अन्वीक्षण = अनु + इक्षण (3)

180. निम्नलिखित में से किसमें द्विगु समास का उदाहरण है?
(1) पुण्यापुण्य (2) पंचगव्य
(3) चन्द्रमुख (4) हयग्रीव (2)

181. 'हलायुध' समस्त पद (सामासिक शब्द) में कौनसा समास है?
(1) द्वन्द्व समास (2) तत्पुरुष समास
(3) कर्मधारय समास (4) बहुव्रीहि समास (4)

182. कृदन्त 'इत' प्रत्यय के योग से बना हुआ शब्द किस विकल्प में है?
(1) चलित (2) हसित
(3) कुसुमित (4) लिखित (3)

183. निम्नलिखित में से किसमें तद्धित प्रत्यय के योग से बना हुआ शब्द है?
(1) पोटली (2) मिलनसार
(3) कोठरी (4) रंगीला (4)

184. निम्नलिखित में से किसमें गलत उपसर्ग वाला शब्द है?
(1) आकाश (2) संन्यास
(3) निश्शंक (4) प्रज्ज्वलन (4)

185. निम्नलिखित में से 'घबराना' अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा किसमें है?
(1) निढाल होना (2) कलेजा धक् धक् करना
(3) कलेजा हिलना (4) करवटें बदलना (2)

186. निम्नलिखित में से किसमें मुहावरे के सामने उसका सही अर्थ लिखा हुआ है?
(1) गाल बजना - ज्यादा बोलना
(2) गूलर का फूल होना - कमजोर पड़ना
(3) पाँव भारी होना - गर्भिणी होना
(4) घड़ों पानी पड़ना - बहुत वर्षा होना (1)

187. निम्नलिखित में से किसमें कहावत का सही अर्थ लिखा हुआ है?
(1) कहे खेत की सुने खलियान की - अस्थिर मति
(2) बगत का बोया मोती नीपजे - समय का महत्त्व
(3) पढ़े फारसी बेचे तेल - बेमेल काम
(4) घर में नहीं दाने बुढ़िया चली भुनाने - मिथ्या प्रदर्शन
(3)

188. निम्नलिखित में से किसमें 'विशेषण उपवाक्य' है?
(1) अर्जुन ने कहा कि मेरा धनुष गिर रहा है।
(2) जो परिश्रम करेगा वह सफल होगा।
(3) जब वर्षा होगी तब खेतों में फसलें होंगी।
(4) पिता की इच्छा है कि वह यहीं पढ़े। (4)

189. निम्नलिखित में से किसमें 'परिमाण वाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य' है?
(1) वीर जहाँ जाता है वहीं सम्मान पाता है।
(2) जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।
(3) जितना गुड़ डालेंगे उतना ही मीठा होगा।
(4) ज्योंहि शिव ने बाण चलाया त्योंहि त्रिपुर नष्ट हो गया। (3)

190. निम्नलिखित में से किसमें अशुद्ध शब्द है?
(1) मुमुर्षु (2) अन्तर्धान
(3) नीरोग (4) बहिस्सृष्टि (1)

191. निम्नलिखित में से किसमें शुद्ध शब्द है?
(1) व्यस्क (2) व्यंग
(3) ढंग (4) शक्तीकरण (3)

192. निम्नलिखित में से किसमें सभी शब्द अशुद्ध हैं?
(1) स्त्रोत, सुश्रुषा, षष्ठ, बूढ़ा
(2) पूर्वाह्ण, शरदुत्सव, सन्यास, शत-शत
(3) अतिश्योक्ति, व्यवहारिक, अन्ताक्षरी, चिन्ह
(4) षट्मुख, रौप्य, लेह्य, अनुग्रहीत (1)

193. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?
(1) सभी परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर गलत लिखा।
(2) वह शायद कल जायेगा।
(3) तुम्हारी टोपी मुझ से पुरानी है।
(4) वसुदेव के पुत्र हुआ और नंद के कन्या हुई।(2)

194. निम्नलिखित में से किसमें वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है?
(1) जो बहुत अधिक बोलता हो = वातुल
(2) जो स्वरों और व्यंजनों में से किसी की श्रेणी में नहीं आता = विसर्ग
(3) जो माघ और फाल्गुन महीनों में आती है वह ऋतु = हेमन्त ऋतु
(4) पर्वत के ऊपर की समतल भूमि = उपत्यका (2)

195. निम्नलिखित में से सामासिक शब्द का सही विग्रह किसमें है?
(1) देशभक्ति - देश की भक्ति
(2) आजीवन - जीवन भर
(3) घृतपक्व - घृत से पका हुआ
(4) शोकातुर - शोक में आतुर (2)

196. निम्नलिखित में से किसमें संधि सही नहीं हुई है?
(1) अहन् + अह = अहरह
(2) मरुत् + हरि = मरुद्धरि
(3) अन्तः + छल = अन्तर्छल
(4) षट् + मुख = षण्मुख (3)

197. निम्नलिखित में से किसमें सही संधि है?
(1) यशः + काय = यशोकाय
(2) स्व+ईरिणी = स्वैरिणी
(3) चतुः+श्लोकी = चतुश्र्लोकी
(4) अनु+छिन्न = अनुछिन्न (1)

198. निम्नलिखित में से उपसर्ग से संबंधित गलती किसमें है?
(1) उसकी पैतृक संपत्ति थोड़ी ही है।
(2) हिन्दी के पत्र-पत्रिकाएँ पढ़िए।
(3) भीम का प्राक्रम सभी जानते हैं।
(4) यथाशक्ति से नित्य दान करते रहिए। (3)

199. निम्नलिखित में से किसमें शब्द और प्रत्यय दोनों सही सही अलग नहीं है?
(1) बचपन - बच्चा + पन
(2) सुनहला - सोना + हला
(3) खटिया - खाट + इया
(4) लुटेरा - लुट + एरा (4)

200. निम्नलिखित में से किसमें गलत कथन है?
(1) हिन्दी में एक भी धातु व्यंजनान्त नहीं है।
(2) अनुस्वार और विसर्ग दोनों ध्वनियाँ 'अयोगवाह' हैं।
(3) हिन्दी के दो व्यंजन किसी भी शब्द के आरंभ में प्रयुक्त नहीं होते।
(4) हिन्दी शब्दकोश में 'त्' से आरंभ होने वाले सब शब्दों के बाद 'त्र' से आरंभ होने वाले शब्द होते हैं।(4)

## भाषा - योग्यता संस्कृत

### भाग-द

171. निम्नलिखितेषु उच्चारण-स्थानं नास्ति-
(1) तालुः (2) जानु
(3) नासिका (4) दन्ताः (2)

172. तुल्यस्थानवतां वर्णानां समूहोऽस्ति-
(1) अ-कु-ह-विसर्गाः (2) ज-ब-ग-ड-दाः
(3) ऋ-तु-र-साः (4) अच्प्रत्याहारान्तर्गतवर्णाः (3)

173. अशुद्धः प्रयोगोऽस्ति-
(1) मुर्धा-मूर्धन्यः (2) जिह्वामूलम्-जिह्वामूलीयः
(3) ओष्ठः-ओष्ठव्यः (4) तालुः-तालव्यः (1)

174. उच्चारणस्थानम् (आभ्यन्तर यत्नं च) येषां वर्णानां परस्परं समानं भवति, तेषां वर्णानां संज्ञा इयं भवति-
(1) संहितासंज्ञा (2) सवर्णसंज्ञा
(3) पूर्वसवर्णसंज्ञा (4) स्वरितसंज्ञा (2)

175. तृतीयाविभक्तौ एकवचने 'राम' शब्दस्य 'रामेण' इति रूपम्। 'फल' शब्दस्य किं रूपम्?
(1) फलेण (2) फलेन
(3) फलिना (4) फालेण (2)

176. 'रामाभ्याम्' इति रूपं भवति-
(1) तृतीया विभक्तौ द्विवचने
(2) चतुर्थी विभक्तौ द्विवचने
(3) तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, विभक्तौ द्विवचने
(4) तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी विभक्तौ द्विवचने(3)

177. अत्र सप्तमी विभक्त्यन्तरूपाणां समूहः विद्यते-
(1) रामेषु, फले, सर्वस्मिन्, लोकयोः
(2) रामे, रमे, लते, सर्वे
(3) रामेषु, रमासु, लोकेषु, प्रजासु
(4) फलेषु, लतासु, पुस्तकायोः, लतायोः (1)

364 Q-168

178. रामः रावणं हन्ति-इदं वाक्यमस्ति-
(1) धातुरूपदृष्ट्या अशुद्धम्
(2) शब्दरूपदृष्ट्या अशुद्धम्
(3) सर्वथा अशुद्धम् (4) सर्वथा शुद्धम् (4)

179. 'अत्ति' इत्यस्य अर्थोऽस्ति-
(1) वदति (2) अत्यधिकम्
(3) खादति (4) अत्यल्पम् (2)

180. दुह्धातोः लट्लकारे प्रथमपुरुषस्य एकवचने रूपमस्ति-
(1) दोग्धि (2) दोहति/धोक्षि
(3) दुहति (4) दुह्यति (4)

181. लोट्-उत्तमपुरुषैकवचने भू-धातोः किं रूपम्?
(1) अभवम् (2) भवानि (3) भवेयम् (4) भवानी(2)

182. 'विच्छिन्नम्' इत्यत्र प्रकृतिप्रत्ययविवरणम् इत्थम्-
(1) विच्+छिद्+न (2) वि+छिद्+क्त
(3) विच्+छिद्+नम् (4) वि+छिन्न+क्त (2)

183. ल्युट्-प्रत्ययान्ताः शब्दाः सन्ति-
(1) देयम्, गेयम्, पेयम् (2) कार्यम्, हार्यम्, धार्यम्
(3) गमनम्, पठनम्, हरणम्
(4) प्रदाय, प्रपठ्य, विलिख्य (3)

184. मधु + अरि = 'मध्वरिः' अत्र सन्धिविधायकं सूत्रमस्ति-
(1) इकोयणचि (2) एचोऽयवायावः
(3) वान्तो यि प्रत्यये
(4) शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम् (1)

185. गुण संज्ञा - विधायकं सूत्रमस्ति-
(1) आद्गुणः (2) अदेङ् गुणः
(3) इको गुणवृद्धी (4) वोतो गुणवचनात् (2)

186. एचोऽयवायावः - इत्यस्य सूत्रस्य उदाहरणमस्ति-
(1) तावुभावपि (2) लघ्वाकृतिः
(3) देवौदार्यम् (4) तवैवेदम् (1)

187. सन्धिदृष्ट्या शुद्धं पदम् अस्ति-
(1) लघुत्तरात्मकम् (2) लघूत्तरात्मकम्
(3) लघुउत्तरात्मकम् (4) लघू उत्तरात्मकम् (1)

188. श्रीमत्+शरत्+चन्द्र इत्यत्र सन्धिः भवति-
(1) श्रीमतशरत्चन्द्रः (2) श्रीमच्शरच्चन्द्रः
(3) श्रीमच्छरच्चन्द्र (4) श्रीमच्छरचन्द्रः (2)

189. लक्ष्मी+छाया इत्यत्र सन्धिः जायते-
(1) लक्ष्मीछाया (2) लक्ष्मीच्छाया
(3) लक्ष्मीच्छाया, लक्ष्मीछाया
(4) लक्ष्मीछ्छाया, लक्ष्मिछाया (2)

190. विसर्गसन्धि - विधायकं सूत्र नास्ति-
(1) विसर्जनीयस्य सः (2) खरि
(3) अतारोरप्लुतादप्लुते (4) वा शरि (1

191. 'विद्याहीनः' इत्यत्र कः विग्रहः, किं च समासनाम?
(1) विद्याम् हीनः, द्वितीया-तत्पुरुषः
(2) विद्ययाहीनः, तृतीया-तत्पुरुषः
(3) विद्यायाःहीनः, पञ्चमी-तत्पुरुषः
(4) विद्यायाः हीनः, षष्ठी-तत्पुरुषः (2

192. पञ्चमी-तत्पुरुषस्य उदाहरणम् अस्ति-
(1) नखैर्भिन्नः (2) चोरभयम्
(3) गोहितम् (4) तत्पुरुषः (2

193. कर्मधारयसमासस्य उदाहरणं नास्ति-
(1) राजपुरुषः (2) कृष्णसर्पः
(3) सुपुरुषः (4) महात्मा (3

194. 'त्रयाणां भुवनानां समाहारः' इत्यस्मिन् विग्रहे समासः भवति
(1) त्रिभुवनम् (2) त्रिभुवनाः
(3) उभयथा साधु (4) उभयथा असाधु (1

195. 'येनाङ्गविकारः' इति सूत्रस्य उदाहरणं नास्ति-
(1) अक्षि काणम् अस्य (2) कर्णेन बधिरः
(3) अक्ष्णा काणः (4) शिरसा खल्वाटः (1

196. 'हरये रोचते भक्तिः'-अत्र वाक्ये 'प्रीयमाणः' वर्तते-
(1) हरिः (2) भक्तिः
(3) रोचनम् (4) भक्तः (

197. 'मनांसि' इत्यत्र किं लिंङ्ग, का विभक्तिः, किं च वचन
(1) पुंल्लिङ्गम्, प्रथमा, द्विवचनम्
(2) नपुंसकलिंङ्गम्, द्वितीया, बहुवचनम्
(3) पुंल्लिङ्गम्, प्रथमा-द्वितीया, बहुवचनम्
(4) नपुंसकलिंङ्गम्, प्रथमा-द्वितीया, बहुवचनम् (

198. शुद्धं वाक्यमस्ति-
(1) नृपः प्राणम् अत्यजत् (2) नृपः प्राणान् अत्यजन
(3) नृपः प्राणान् अत्यजत् (4) नृपः प्राणम् अत्यजन्(

199. कारकाणि भवन्ति-
(1) षट् (2) सप्त
(3) अष्टौ (4) पञ्च (

200. 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे!' अत्र वाक्ये चतुर्थी-विभक्ति पदमस्ति-
(1) नमः (2) ते
(3) वत्सले (4) मातृभूमे (